Seventeenth Loksabha

an>

Ttile:Regarding demand to include Naggi and Hindumal Kot a tourist spot

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान सीमा दर्शन योजना की तरफ दिलाना चाहूंगा। मेरे लोक सभा क्षेत्र में दो जगह हैं, एक नग्गी पोस्ट और दूसरा हिन्दुमल कोट है।

वर्ष 1971 में नग्गी के समीप युद्ध में जो वीर जवान शहीद हुए थे, मैं उनकी ओर आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा, जहां 21 वीर सैनिक शहीद हो गए थे। उनकी याद में उस स्थल पर एक स्मारक बनाया गया है, जहां प्रति वर्ष 28 दिसम्बर को शहीदों की याद में एक नागरिक मेला लगता है।

जहां शहीद स्मारक बनाया गया है, वहां पर एक बहुत बड़ा मंदिर भी बनाया जाए। यह हम सभी लोगों की आस्था का केन्द्र है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान सीमावर्ती क्षेत्र गंगानगर की तरफ दिलाना चाहूंगा! सीमा दर्शन योजना के तहत नग्गी और हिन्दुमल कोट को एक पर्यटक स्थल घोषित किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।